दिनांक

# किसान, भालू और आलू

दिवस- 68

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को हाव–भाव के साथ कहानी सुनाएँ एवं विद्यार्थियों को कहानी सुनाने का अवसर दें। साथ ही साथ कहानी के आधार पर बातचीत करें।



एक किसान था। आलू बोने के लिए जंगल के समीप खेत में गया। वह हल चला रहा था। इतने में वहाँ एक भालू आया। भालू बोला, "यहाँ फ़सल लगाओगे तो मेरा हिस्सा देना पड़ेगा।" किसान ने कहा, "ठीक है। ऐसा करते हैं तुम ऊपर का हिस्सा ले लो, मैं ज़मीन के नीचे का हिस्सा ले लेता हूँ।" भालू बोला, "ठीक है। अगर धोखा दोगे तो खेत में पैर नहीं रखने दूँगा।"

# किसान, भालू और आलू



जब फ़सल आई तो भालू किसान के पास पहुँचा और बोला – "मेरा हिस्सा दे दो।" किसान ने भालू को सारे पत्ते दे दिए और बड़े-बड़े आलू रख लिए। भालू बोला– "तुम्हारे हिस्से को भी चखकर तो देखूँ।" भालू ने आलू चखा और गुस्से से बोला, "तुमने मुझे धोखा दिया है। असली माल तो खुद रख लिया और मुझे कड़वे पत्ते थमा दिए। अगली बार मैं ज़मीन के नीचे का लूँगा।" किसान मान गया। अगली बार उसने आलू नहीं, गेहूँ बोए। भालू को इस बार भी कुछ नहीं मिला। सोचिए क्यों?

| दिनांक | किसान, भालू और आलू | दिवस- 69 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से किसान के पहनावे, उसके काम, जहाँ वह काम करता है, उस स्थान के बारे में बच्चों से बातचीत करें तथा विद्यार्थियों से किसान के बारे में एक–एक वाक्य बोलने को कहें।


## किसान क्या–क्या करते हैं, उनपर घेरा (◯) लगाइए–

| | | |
|---|---|---|
| खेती करना | चिट्ठी बाँटना | हल चलाना |
| क्यारी बनाना | कपड़ा सीलना | बीज बोना |
| खाद डालना | पानी पटाना | नक्शा बनाना |

## दिए गए शब्दों से मिलते–जुलते (समान ध्वनि वाले) शब्द लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| खेती | | हल | |
| पानी | | खाद | |
| बीज | | फसल | |

## रंग भरिए–



दिनांक


# किसान, भालू और आलू


दिवस- 70


**शिक्षण–निर्देश :**


विद्यार्थियों को शब्द से वाक्य बनाने की समझ दें तथा विद्यार्थियों को बारी–बारी से बोर्ड के पास बुलवाएँ और दिए गए शब्द से वाक्य बनाकर उसे बोर्ड पर लिखने को कहें।

## चित्र के बारे में एक–एक वाक्य लिखिए–









## रंग भरिए–



दिनांक


# किसान, भालू और आलू

दिवस- 71


**शिक्षण–निर्देश :**


विद्यार्थियों को फसल बोने संबंधी सामग्रियों, जैसे– खुरपी, हँसुआ, ट्रैक्टर, हल तथा कुदाल आदि के बारे में बताएँ।

## नीचे दिए गए वस्तुओं के उपयोग के बारे में एक–एक वाक्य लिखिए–












## रंग भरिए–



दिनांक

# किसान, भालू और आलू

दिवस- 72

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से आलू के रंग–रूप, स्वाद, उपयोग एवं उसकी फसल आदि के बारे में बातचीत करें तथा एक–एक वाक्य बोलने को कहें।

## आलू के बारे में लिखकर बताइए–

(क) आलू कहाँ और कैसे उपजता है?

(ख) आलू से क्या–क्या बनता है?

(ग) आपको आलू खाने में कैसा लगता है?

(घ) आलू का आकार कैसा होता है?

(ङ) आलू का रंग कैसा होता है?

## एक आलू का चित्र बनाइए–

दिनांक

# किसान, भालू और आलू

दिवस- 73

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से भालू के रंग–रूप, भोजन एवं आवास के बारे में बातचीत करें तथा एक–एक वाक्य बोलने को कहें।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) भालू कहाँ रहता है?


(ख) भालू क्या–क्या खाता है?

(ग) भालू देखने में आपको कैसा लगता है?

(घ) भालू के कितने पैर होते हैं?

(ङ) भालू की पूँछ कैसी होती है?

## रंग भरिए–



| दिनांक | # किसान, भालू और आलू | दिवस- 74 |
| --- | --- | --- |

**शिक्षण–निर्देश :**

किसान, भालू और आलू' की पूरी कहानी का प्रश्नोत्तरी द्वारा पुनरावर्त्तन करवाएँ तथा जंगली और पालतू जानवरों के बारे में बातचीत करें।

भालू जंगल में रहता है। भालू एक जंगली जानवर है। ऐसे छह जंगली जानवरों के नाम लिखिए–

| | | |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | | |

गाय को हमलोग पालते हैं। गाय एक पालतू जानवर है। ऐसे छह पालतू जानवरों के नाम लिखिए–

| | | |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | | |

अपने मनपसंद जानवर का चित्र बनाइए–

दिनांक

# किसान, भालू और आलू

दिवस- 75

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को 'किसान, भालू और आलू' की पूरी कहानी का पठन करवाएँ तथा किसान जो फ़सल उगाते हैं, उन फ़सल के बारे में विद्यार्थियों से बातचीत करें।

## किसान क्या–क्या उपजाते हैं, उनपर घेरा (◯) लगाइए–

| | | |
|---|---|---|
| टॉफी | गेहूँ | अंगूर |
| बिस्कुट | धान | जलेबी |
| मूँगफली | आइसक्रीम | अरहर |
| आलू | पावरोटी | मिश्रीकन्द |

## दिए गए शब्दों से मिलते–जुलते (समान ध्वनि वाले) शब्द लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंगूर | | आलू | |
| धान | | चना | |
| खीरा | | मटर | |

## एक बैगन का चित्र बनाइए–

| दिनांक | # किसान, भालू और आलू | दिवस- 76 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से भालू की अन्य कहानियाँ सुनें तथा अन्य कहानियाँ भी सुनाएँ तथा सब्जी के प्रकार, उसका रंग, उसके फायदे आदि पर बच्चों से बातचीत करें।

आलू एक सब्जी है, ऐसे छः सब्जियों के नाम लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

आम एक फल है, ऐसे छः फलों के नाम लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

अपने मनपसंद फल या सब्जी का चित्र बनाइए–

दिनांक

# किसान, भालू और आलू

दिवस- 77

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से उनके पसंद की कोई कहानी सुनें तथा गाँव के खेत और मिट्टी से जुड़ी बातों पर चर्चा करें।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) किसान का खेत कहाँ था?


(ख) किसान ने खेत में पहली बार क्या बोया?

(ग) किसान के पास कौन–सा जानवर आया?

(घ) भालू ने किसान से फसल लगाने के बदले में क्या माँगा?

(ङ) पहली बार भालू को फसल का कौन–सा हिस्सा मिलना था?

## रंग भरिए–



दिनांक

# किसान, भालू और आलू

दिवस- 78

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को उनके पसंद की कोई एक कहानी सुनाने तथा अपनी कॉपी में लिखने के लिए कहें।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) फसल आने पर भालू को हिस्से में क्या मिला?

(ख) फसल आने पर किसान को हिस्से में क्या मिला?

(ग) भालू को गुस्सा क्यों आया?

(घ) अगली बार भालू ने किसान से फसल का कौन–सा हिस्सा माँगा?

(ङ) अगली बार किसान ने आलू के बदले गेहूँ बोया, क्यों?

## रंग भरिए–

